काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय

प्रेस, पब्लिकेशन एण्ड पब्लिसिटी सy

दिनांकः 05.03.2010

प्रेस–विज्ञप्ति

92वॉं दीक्षान्त समारोह 07 मार्च 2010 को

वाराणसी (05 मार्च 2010) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का 92वॉं दीक्षान्त समारोह 07 मार्च 2010 को एमफीथियेटर मैदान पर सम्पन्न होगा । केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री कपिल सिब्बल समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षान्त उदबोधन देंगे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ0 कर्ण सिंह दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

दीक्षान्त समारोह में कुल 27 मैडल प्रदान किये जायेंगे । इसमें विज्ञान संकाय की छात्रा कुमारी आकांक्षा जैन को स्नातकोत्तर परीक्षा एमए/एमएससी परीक्षा 2009 में उच्च अंक प्राप्त करने हेतु चांसलर मैडल तथा एमएससी एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी परीक्षा 2009 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बीएचयू मैडल प्रदान किया जायेगा। मैडल की सूची संलग्न है। इस प्रकार कुल 407 मैडल व प्राईज प्रदान किये जायेंगे ।

दीक्षान्त समारोह में कुल 6,743 उपाधियॉं प्रदान की जायेगी, जिसमें स्नातक स्तर पर 4,334, स्नातकोत्तर स्तर पर 2,128 तथा पीएचडी स्तर पर 281 उपाधियॉं प्रदान की जायेगी । दीक्षान्त समारोह में कृषि विज्ञान संकाय की कुल 189 उपाधियॉं, आयुर्वेद संकाय की 75, दन्त चिकित्सा विज्ञान की 2, मेडिसीन की 156, इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी की 572, कला की 1887, मंचकला संकाय की 90, दृश्य कला संकाय की 89, वाणिज्य की 501, शिक्षा संकाय की 576, विधि संकाय की 268, प्रबन्ध शास्त्र की 105, विज्ञान की 988, सामाजिक विज्ञान की 1,164, संस्कृत विद्याधर्म विज्ञान की 81 उपाधियां प्रदान की जायेंगी। संकायवार उपाधियों की संख्या सम्बन्धी तालिका संलग्न है।

चेयरमैन